

## प्रधानमंत्री के प्रति कृतज्ञता व शुभेच्छा का प्रतीक है आशीर्वाद का दीया : सिद्धार्थ

**त्योंथर, 18 सितम्बर, त्योंथर विधानसभा क्षेत्र के मां तमसा तट पर त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी 'राज' ने जनता जनार्दन, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से प्रारंभ हुए सेवा संकल्प अभियान के 'आशीर्वाद का दिया' कार्यक्रम के तहत दीपोत्सव कार्यक्रम में सहभागिता की.**

इस अवसर पर विधायक श्री तिवारी ने उपस्थित जनों के साथ श्रद्धापूर्वक दीपोत्सव मनाया और स्थानीय जनों से संवाद करते हुए कहा कि 'आशीर्वाद का दिया' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की सार्वजनिक जनसेवा के प्रति कृतज्ञता एवं विकसित भारत-2047 के सामूहिक संकल्प का प्रतीक है. प्रत्येक दिया प्रधानमंत्री के प्रति कृतज्ञता एवं शुभेच्छा का प्रतीक है. उन्होंने बताया कि 17 सितंबर से सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ किया गया है, जो 17 अक्टूबर तक चलेगा. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में गुजरात प्रांत को एक मॉडल के रूप में विकसित किया, जिसे पूरे देश में स्वीकार किया गया. परिणामस्वरूप देश की जनता ने उन्हें लगातार तीन बार प्रधानमंत्री के रूप में चुना है. प्रधानमंत्री ने जिस प्रकार भारत को विश्व के मानचित्र पर एक अलग पहचान दिलाई है, उससे भारत आज दूसरे देशों के लिए एक रोल मॉडल बन चुका है.

# सेवा संकल्प अभियान में दीपों से जगमगाया मऊगंज

### देवतालाब में 51 हजार दीपों से आलोकित हुआ शिव मंदिर परिसर, जिले भर में प्रज्ज्वलित किए गए आशीर्वाद के दीप

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 18 सितम्बर, सेवा, सद्भाव और जनभागीदारी के संदेश के साथ सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ जिले में दीपोत्सव के रूप में हुआ. देवतालाब स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर परिसर में 51 हजार आशीर्वाद के दीप प्रज्ज्वलित किए गए.**

दीपों की रोशनी से मंदिर परिसर जगमगा उठा और आकर्षक आकृतियों में सजाए गए दीपों ने आयोजन को विशेष भव्यता प्रदान की. शाम 7 बजे आयोजित कार्यक्रम में हजारों नागरिकों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं. सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत हाटा शिव मंदिर में आयोजित दीपोत्सव में मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल दीप प्रज्ज्वलित किया. उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर सेवा संकल्प अभियान के संदेश को जनभागीदारी से जोड़ते हुए उपस्थित नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं.



विधायक श्री पटेल ने उपस्थित जनसमुदाय के साथ आशीर्वाद के दीप प्रज्ज्वलित किए. इस अवसर पर मंदिर परिसर में उत्साह और उल्लास का वातावरण रहा. दीपों की मनोहारी छटा ने आयोजन को आकर्षक बना दिया. जिले के लिए राज्य स्तर से नियुक्त नोडल अधिकारी एवं सह संचालक कौशल विकास बसंत कुर्रे ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान जनभागीदारी के माध्यम से सेवा और शुभकामनाओं की भावना को अभिव्यक्त करने का अवसर है. कार्यक्रम में विंध्य विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र मिश्रा, जनपद पंचायत अध्यक्ष मऊगंज श्रीमती नीलम इन्द्रपाल सिंह, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती सुनीता पटेल, कलेक्टर संजय कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र कुमार जैन, अपर कलेक्टर पी. के. पाण्डेय, एसडीएम मऊगंज रश्मि चतुर्वेदी मौजूद रही.



### रोशन हुए आशीर्वाद के दीप

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत देवतालाब मंदिर के साथ-साथ हाटा शिव मंदिर, कलेक्ट्रेट परिसर, आंगनबाड़ी केंद्रों, पुलिस कंट्रोल रूम, शासकीय महाविद्यालयों, शासकीय विद्यालयों तथा नगरीय निकाय के सभी वार्डों में भी आशीर्वाद के दीप प्रज्ज्वलित किए गए. जिलेभर में आयोजित दीपोत्सव के माध्यम से सेवा, सद्भाव और जनभागीदारी का संदेश दिया गया.

### भैरवनाथ लोक में हुआ आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम





सेवा संकल्प अभियान के तहत 17 सितंबर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव कार्यक्रम में जिले से चयनित 10 प्रमुख स्थलों में शामिल गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान अंतर्गत ग्राम पंचायत चौड़ियार स्थित भैरवनाथ लोक में 'आशीर्वाद का दिया' कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम गुढ़ विधायक नागेन्द्र सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ. इसी क्रम में श्री कष्टहरनाथ मंदिर प्रांगण में भाजपा मंडल गुढ़, नगर परिषद गुढ़ एवं महिला एवं बाल विकास विभाग गुढ़ के सहयोग से भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के डॉ. जी.एन. श्रीवास्तव, तहसीलदार अरुण यादव, थाना प्रभारी गुढ़ पुष्पेंद्र यादव, भाजपा मंडल गुढ़ अध्यक्ष अनंत कुमार गुप्ता, नगर परिषद अध्यक्ष अर्चना सिंह, उपाध्यक्ष कपिल पयासी आदि मौजूद रहे.

# विधानसभा अध्यक्ष का रायपुर कर्चुलियान में भव्य स्वागत

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 18 सितम्बर, मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर के एक दिवसीय रीवा प्रवास के दौरान रायपुर कर्चुलियान पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया.**

इस दौरान सैकड़ों महिला एवं पुरुष कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया और उनका स्नेह एवं आशीर्वाद प्राप्त किया.



कार्यकर्ताओं ने विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत करते हुए क्षेत्र में उनके आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त की.

इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे. कार्यक्रम में रीवा जिला उपाध्यक्ष अशोक सिंह, रायपुर मंडल अध्यक्ष अभिषेक सिंह, महामंत्री विजय तिवारी, जिला पंचायत सदस्य बृजेश कोरी, पूर्व जनपद सदस्य ममता यादव, बक्छेरा सरपंच लक्ष्मीकांत तिवारी, नृपेन्द्र सिंह, सुरेश तिवारी, रायपुर कर्चुलियान सरपंच शुभकरण दाहिया, सरपंच रामरती कोल, मंडल मंत्री सच्चिदानंद ओझा सहित रायपुर कर्चुलियान क्षेत्र के कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# रोजगार मेला मऊगंज में 23 को

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 18 सितम्बर, कलेक्टर संजय कुमार जैन के मार्गदर्शन में युवा संगम कार्यक्रम के तहत शासकीय आई.टी.आई. मऊगंज में 23 सितंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा.**

रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे. उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 16 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा. मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है. वेतन एवं भत्ते 12 हजार रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है.



सेवा यात्रा के हनुमना पहुंचने पर किया जा रहा स्वागत

# कश्यप जयंती समारोह कल, निकलेगी शोभायात्रा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 18 सितम्बर, केशरवानी वैश्य नगर सभा रीवा, केशरवानी वैश्य महिला सभा एवं केशरवानी वैश्य तरुण सभा के संयुक्त तत्वावधान में गोत्राचार्य महर्षि कश्यप जयंती समारोह का आयोजन 20 सितंबर रविवार को किया जाएगा. समारोह को इस वर्ष 'संगठन पर्व' के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है.**

समारोह का आयोजन कॉलेज रोड स्थित मानस भवन में किया जाएगा. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामकिंकर गुप्ता, सेवानिवृत्त आईएएस, इंदौर एवं प्रदेश अध्यक्ष केशरवानी वैश्य सभा मध्यप्रदेश होंगे. विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती ममता गुप्ता, पूर्व महापौर रीवा एवं प्रदेश अध्यक्ष केशरवानी वैश्य महिला सभा मध्यप्रदेश तथा विकास केशरवानी, सागर, प्रदेश अध्यक्ष केशरवानी वैश्य तरुण सभा मध्यप्रदेश उपस्थित रहेंगे. कार्यक्रम की अध्यक्षता एड. रामकुशील गुप्ता, अध्यक्ष केशरवानी वैश्य नगर सभा रीवा करेंगे.

आयोजन के तहत दोपहर 3 से 3:30 बजे तक महर्षि कश्यप जी की पूजा-अर्चना, 3:30 से 4 बजे तक स्वल्पाहार, शाम 4 से 6 बजे तक भव्य शोभायात्रा, शाम 6 से 6:30 बजे तक अतिथियों का स्वागत एवं उद्घाटन, शाम 6:30 से 8:30 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा रात 8:30 से 9 बजे तक आभार प्रदर्शन किया जाएगा. शोभायात्रा मानस भवन से प्रारंभ होकर प्रकाश चौक, घोड़ा चौराहा, साईं मंदिर एवं पीली कोठी होते हुए मानस भवन कॉलेज रोड में समाप्त होगी. आयोजकों ने समाज के सभी परिवारों से समारोह में गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराने की अपील की है.

# सेवा संकल्प अभियान के तहत हनुमना पहुंची बनारस से वडनगर की सेवा यात्रा

### नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बनारस से वडनगर के लिए प्रारंभ हुई सेवा यात्रा मऊगंज जिले के हनुमना ब्लॉक पहुंची

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 18 सितम्बर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बनारस से वडनगर के लिए प्रारंभ हुई सेवा यात्रा मऊगंज जिले के हनुमना ब्लॉक पहुंची.**

हनुमना में जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने यात्रा का आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया. इस अवसर पर सांसद खजुराहो विष्णुदत्त शर्मा ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत दो यात्राएं निकाली जा रही हैं. एक यात्रा बनारस से वडनगर तथा दूसरी वडनगर से बनारस के लिए रवाना हुई है.

उन्होंने बताया कि काशी से 10 समूह तथा वडनगर से 10 समूह यात्रा में शामिल हैं. यात्रा में जल कलश लेकर सेवा और जनभागीदारी का संदेश दिया जा रहा है. श्री शर्मा ने बताया कि 7 सितंबर से प्रारंभ हुई यह यात्रा 7 अक्टूबर को वडनगर पहुंचकर संपन्न होगी. यात्रा के दौरान सेवा भाव के साथ 25 पौधे लगाए जाएंगे.

इनमें पीपल, आम सहित अन्य उपयोगी पौधे शामिल हैं. इन पौधों के माध्यम से सेवा वाटिका विकसित करने का प्रयास किया जाएगा, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्ष की सार्वजनिक सेवा यात्रा के प्रति समर्पण का प्रतीक होगी. उन्होंने ने कहा कि सेवा का यह भाव जन-जन तक पहुंचे, इसके लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है. उन्होंने नागरिकों से प्रधानमंत्री श्री मोदी के नशामुक्त समाज एवं टीबी-मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने में सहयोग देने का अनुरोध किया. सेवा यात्रियों ने तहसील मऊगंज में वृक्षारोपण किया.

कार्यक्रम में संभाग संगठन प्रभारी विजय दुबे, विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल, विंध्य विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र मिश्र, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मृगेंद्र सिंह, जनपद अध्यक्ष मऊगंज श्रीमती नीलम सिंह परिहार, नगर परिषद अध्यक्ष हनुमना आशुतोष गुप्ता, यात्रा प्रभारी विपिन मिश्र, स्वदीप सिंह, युवा मोर्चा के प्रवीण सिंह, अपर कलेक्टर पी.के. पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शशिकांत सरयाम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे.

# विधायक मऊगंज एवं कलेक्टर ने मौके पर किया 189 प्रकरणों का निराकरण

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 18 सितम्बर, मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत सीएफटी भवन मऊबगदरा में जन विश्वास शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल एवं कलेक्टर संजय कुमार जैन ने आमजन की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवेदनों पर नियमानुसार त्वरित एवं समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए.**

इस अवसर पर विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए गए. शिविर में कुल 254 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें पात्र पाए गए 189 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया. शेष प्रकरणों के त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए. विधायक प्रदीप पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का उद्देश्य जनता का विश्वास प्राप्त करना और सुशासन उपलब्ध कराना है. मुख्यमंत्री जी की मंशानुसार शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि आमजन की छोटी-छोटी समस्याओं का यथासंभव मौके पर ही निराकरण हो सके. जन विश्वास शिविर में आयोजित उद्यमी संवाद विशेष आकर्षण का केंद्र रहा. शासकीय योजनाओं की सहायता से अपना व्यवसाय स्थापित कर आत्मनिर्भर बने युवाओं ने अपनी सफलता की कहानियां साझा कीं. शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत भाटी सेंगर के हितग्राहियों तरीसुद्दीन, मुहर्रम खान, सुलतान खान, शवितुनिशा एवं बृजेंद्र चतुर्वेदी को हितलाभ प्रदान किया गया.



इस अवसर पर सह संचालक कौशल विकास बसंत कुर्रे, पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायतसृष्टि देशमुख, एसडीएम मऊगंज रश्मि चतुर्वेदी उपस्थित रही.

### प्राथमिक शाला मऊबगदरा में विद्यार्थियों से किया संवाद

विधायक एवं कलेक्टर ने शासकीय प्राथमिक शाला मऊबगदरा का निरीक्षण किया. उन्होंने बच्चों से आत्मीयता के साथ संवाद करते हुए शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली और एबीसीडी एवं गिनती सुनी और उनका उत्साहवर्धन किया. कलेक्टर ने विद्यार्थियों से पठन-पाठन, शैक्षणिक गतिविधियों एवं पाठ्य पुस्तकों के वितरण की जानकारी ली. विद्यार्थियों ने बताया कि उन्हें पाठ्य पुस्तकें प्राप्त हो चुकी हैं. निरीक्षण के दौरान विद्यालय के अधूरे अतिरिक्त कक्ष के निर्माण कार्य को पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके. इसी क्रम में विधायक मऊगंज श्री पटेल एवं कलेक्टर श्री जैन ने उचित मूल्य दुकान भाटी सेंगर का निरीक्षण किया.

## सेवा संकल्प अभियान में सभी सहभागिता निभाएं : विश्वामित्र

### देवसर अस्पताल में मरीजों को हुआ फल वितरण



नवभारत न्यूज

**देवसर 18 सितम्बर। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र 78 सिहावल अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवसर में विधायक विश्वामित्र पाठक नेतृत्व में**

मरीजों को फल वितरित किया। विधायक सिहावल ने अस्पताल में मरीजों को मिल रही सेवाओं एवं सुविधाओं का जायजा लिया। मरीजों एवं परिजनों से उपलब्ध सेवाओं, सुविधाओं एवं शासन की स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी जनकल्याण कारी योजनाओं के बारे में जानकारी लेकर खण्ड चिकित्सा अधिकारी से मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करने के लिए कहा।

विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक ने पोषण पुनर्वास केंद्र जाकर वहाँ भी भर्ती मरीजों को फल वितरित कर हितग्रहियों से संवाद किया। इस अवसर पर रमेश द्विवेदी मण्डल अध्यक्ष, संतराम बैस, एड. परशुराम तिवारी, मंगलदीन बैस, कालिका बैस, कमलेंद्र चतुर्वेदी, सुधांशु द्विवेदी, रावेन्द्र द्विवेदी, रामाश्रय द्विवेदी, सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता-गणमान्य जन मौजूद रहे।

# पीजी कॉलेज परिसर में बनेगा अत्याधुनिक ऑडिटोरियम, कलेक्टर ने किया निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण

▶ शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 18 सितम्बर। जिला मुख्यालय बैढ़न के गनियारी स्थित निर्माणाधीन शासकीय पीजी कॉलेज भवन का कलेक्टर गौरव बैनल ने निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। भवन का अधिकांश निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा कुछ कार्य शेष हैं।**

कलेक्टर ने कहा कि गनियारी स्थित पीजी कॉलेज परिसर को विद्यार्थियों के लिए एक समग्र एवं आधुनिक शैक्षणिक परिसर के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। परिसर में मल्टी-पर्पज हॉल का निर्माण किया जा रहा है, जिसका उपयोग बैडमिंटन सहित विभिन्न खेल गतिविधियों के साथ-साथ सेमिनार, शैक्षणिक कार्यक्रम एवं अन्य आयोजनों के लिए किया जा सकेगा। कलेक्टर गौरव बैनल की पहल से एनसीएल सीएसआर के माध्यम से 400 सीटर ऑडिटोरियम की स्वीकृति कराई गई है।



इसी परिसर में बनने वाले इस ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य भी शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को बड़े स्तर पर शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियों के लिए आधुनिक सुविधा उपलब्ध होगी।

### आसपास के अतिक्रमण को हटाने के निर्देश

कॉलेज परिसर के भविष्य के विकास की योजना के तहत विद्यार्थियों के लिए एक बड़ी एवं आधुनिक लाइब्रेरी विकसित करने का प्रस्ताव भी तैयार किया जा रहा है। इस प्रकार कॉलेज भवन के साथ मल्टी-पर्पज हॉल, 400 सीटर ऑडिटोरियम एवं भविष्य में प्रस्तावित लाइब्रेरी सहित विभिन्न सुविधाओं को एक ही परिसर में विकसित करने की योजना है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विकास कार्यों में बाधक आसपास के अवैध अतिक्रमणों को नियमानुसार सख्ती से हटाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए, ताकि निर्माण एवं आगामी विकास कार्य निर्बाध रूप से आगे बढ़ सके। उन्होंने कहा कि गनियारी का यह परिसर आने वाले समय में विद्यार्थियों के लिए बेहतर शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं अध्ययन की सुविधाओं से युक्त एक आधुनिक कॉलेज कैंपस के रूप में विकसित किया जाएगा।